an>

Title: Need to continue the regional centre of Sports Authority of India at Sonepat, Haryana.

श्री रमेश चन्द्र कौशिक (सोनीपत) : महोदय, सर्वप्रथम तो मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मैं सोनीपत पार्लियामेंट क्षेत्र से आता हूँ। सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण का एक रीजनल सेन्टर है, जहाँ पूरे हरियाणा के और निकटवर्ती दूसरे राज्यों के भी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के 500-600 खिलाड़ी नियमित रूप से खेलों के प्रशिक्षण हेतु आते हैं। हाल ही में सरकार ने यहाँ से कतिपय खेलों की प्रशिक्षण सुविधाओं को बदलने का निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय से स्थानीय खिलाड़ियों में काफी रोष है। यहाँ से बॉक्सिंग, कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल आदि खेलों के प्रशिक्षण सुविधाओं को न बदला जाये, इससे खिलाड़ियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

अतः मैं आपके माध्यम से खेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि सोनीपत के रीजनल सेन्टर में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण की सुविधाओं को जारी रखा जाये तथा यहाँ से किसी भी खेल प्रशिक्षण सुविधा को न बदला जाये। इस सेन्टर को विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स का दर्जा दिया जाये ताकि यहाँ से ट्रेनिंग लेने वाले खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा पदक जीतें। चाहे राष्ट्रमंडल खेल हों, चाहे एशियन गेम्स हों, हमारे रीजनल सेन्टर से सबसे ज्यादा खिलाड़ी पदक जीतकर देश के लिए लाते हैं।